# विकसित यूपी के लिए बनेगा 25 वर्षों का औद्योगिक रोडमैप

**लखनऊ।** विकसित यूपी@2047 के लक्ष्य को साकार करने के लिए बुधवार को इन्वेस्ट यूपी की कार्यशाला में प्रदेश के विकास का खाका खींचा गया। उद्योग, निवेश, एमएसएमई, खादी, अवस्थापना तथा नीति नियोजन से जुड़े अधिकारियों ने राज्य की औद्योगिक प्रगति, संभावनाओं तथा भविष्य की जरूरतों पर विचार साझा किए। कार्यशाला में अगले 25 वर्षों का औद्योगिक रोडमैप बनाने पर सहमति बनी। राज्य परिवर्तन आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने औद्योगिक भूमि आवंटन की बेहतर प्रक्रिया, निवेश परियोजनाओं की सतत निगरानी तथा कौशल विकास को लक्ष्य प्राप्ति का आधार बताया। कहा, नीति सुधारों, औद्योगिक पार्कों तथा नवाचार आधारित ईकोसिस्टम ने विनिर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि की है। ब्यूरो